>

Title: Need to run a direct train between Palanpur and Dwarka in Gujarat -laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र पालनपुर से द्वारिका तक कोई सीधी ट्रेन नहीं है जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है I जूनागढ़ ,द्वारिका, वीरपुर, प्रसिद्ध तीर्थ स्थल होने के कारण वहाँ मेरे संसदीय क्षेत्र से हजारों लाखों लोग हमेंशा आवागमन करते है, यह पर्यटन स्थल के रूप में अति प्रसिद्ध है जिसके कारण वहाँ देश विदेश से सैलानी घूमने आते है I वहाँ तीर्थ स्थल, पर्यटन स्थल होने के साथ साथ मोरबी, राजकोट , कच्छ में सम्ख्याली जैसे बड़े प्रसिद्ध औधोगिक क्षेत्र भी है जहाँ भारत के कोने-कोने से लोग रोजगार हेतु जाते है I, इस तरह से यह रेलवे मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है I इतनी प्रसिद्धि होने के बावजूद हमारे संसदीय क्षेत्र से पालनपुर से द्वारिका तक कोई सीधी ट्रेन नहीं हैं और इससे जनता को आवागमन में बहुत परेशानी होती है I पालनपुर से वाया डीसा, भाभर, राधनपुर, वाराही, सांतलपुर, समख्याली, मोरबी, राजकोट, वीरपुर, जूनागढ़, द्वारिका तक जनहित में सीधी ट्रेन चलाना अतिआवश्यक है I इससे रेलवे विभाग को राजस्व की भी प्राप्ति होगी और जनता को आवागमन में अतिसुविधा मिलेगी I अतः मंत्री जी से मेरा विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द पालनपुर से द्वारिका तक सीधी रेल गाड़ी का संचालन किया जाये I